THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

| DATE- 21/2/2022<br>GRADE- 9 AB | FINAL EXAM[2021-22]<br>HINDI | Max marks- 40<br>Time – 2 Hrs |
|---|---|---|

सामान्य निर्देश :

**1.** निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |

**2.** इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – 'अ' व 'ब'| दोनों खंड अनिवार्य है |

**3.** प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

खंड – 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न

| I | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **1x5=5** |
|---|---|---|
| | उभरी नसोंवाले हाथ<br>घिसे नाखूनोंवाले हाथ<br>पीपल के पत्ते से नए नए हाथ<br>जूही की डाल से खुशबूदार हाथ<br>गंदे कटे पिटे हाथ<br>जख्म से फटे हुए हाथ<br>खुशबू रचते हैं हाथ<br>खुशबू रचते हैं हाथ! | |
| **[1]** | कवि का 'खुशबू रचते हैं हाथ' से क्या अभिप्राय है?<br>(A) अगरबत्ती बनाने वाले हाथों से<br>(B) गुलदस्ता बनाने वालों से<br>(C) इत्र बनाने वालों से<br>(D) इनमें से कुछ नहीं | **1** |
| **[2]** | अगरबत्ती बनाने वाले कारीगरों के हाथ कैसे होते हैं?<br>(A) हाथों में उभरी हुई नसें<br>(B) हाथों के नाखून घिसे हुए<br>(C) कोमल और खुशबूदार<br>(D) उपरोक्त सभी | **1** |
| **[3]** | कवि के अनुसार तंग गलियों में कितनी अगरबत्तियां बनती है?<br>**(A)** हजारों<br>**(B)** लाखों<br>**(C)** पूरे देश की<br>**(D)** इनमें से कुछ नहीं | **1** |
| **[4]** | गंदे मुहल्ले के गंदे लोग (गरीब लोग) किसकी खुशबू वाली अगरबत्तियाँ बनाते हैं? | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(A)** केवड़ा<br>**(B)** गुलाब<br>**(C)** रातरानी<br>**(D)** उपरोक्त सभी | |
| **[5]** | अगरबत्ती का कारखाना अकसर कहाँ होता है?<br>**(A)** किसी तंग गली में<br>**(B)** घरों और सड़कों के किनारे गंदे पानी के बहाव के लिए बनाए गए रास्ता के पार<br>**(C)** बदबूदार कूड़े के ढेर के समीप<br>**(D)** उपरोक्त सभी | **1** |
| **II** | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **1X5=5** |
| | इस समय, देश में धर्म की धूम है। उत्पात किए जाते हैं, तो धर्म और ईमान के नाम पर, और जिद की जाती है, तो धर्म और ईमान के नाम पर। रमुआ और बुद्धुमियाँ धर्म और ईमान को जानें, या न जानें, परंतु उनके नाम पर उबल पड़ते हैं और जान लेने और जान देने के लिए तैयार हो जाते हैं।<br>देश के सभी शहरों का यही हाल है। उबल पड़ने वाले साधारण आदमी का इसमें केवल इतना ही दोष है कि वह कुछ भी नहीं समझता-बूझता, और दूसरे लोग उसे जिधर जोत देते हैं, उधर जुत जाता है।<br>यथार्थ दोष है, कुछ चलते-पुरज़े, पढे-लिखे लोगों का, जो मूर्ख लोगों की शक्तियों और उत्साह का दुरूपयोग इसलिए कर रहे हैं कि इस प्रकार, जाहिलों के बल के आधार पर उनका नेतृत्व और बड़प्पन कायम रहे। इसके लिए धर्म और ईमान की बुराइयों से काम लेना उन्हें सबसे सुगम मालूम पड़ता है। सुगम है भी। | |
| **[1]** | आज देश में हर तरफ किसकी धूम है।<br>(A) सच्चाई<br>(B) खुरापात<br>(C) धर्म<br>(D) ईमान | **1** |
| **[2]** | साधारण आदमी किसके लिए प्राण तक दे देना सही समझता है?<br>(A) धर्म की रक्षा के लिए<br>(B) सच्चाई की रक्षा के लिए<br>(C) धर्म और सच्चाई की रक्षा के लिए<br>(D) ईमान की रक्षा के लिए | **1** |
| **[3]** | साधारण लोगों की किस बात का चालाक लोग बहुत गलत फ़ायदा उठा रहे हैं?<br>**(A)** धर्म की रक्षा<br>**(B)** सच्चाई की रक्षा<br>**(C)** धर्म और सच्चाई की रक्षा<br>**(D)** ईमान की रक्षा | **1** |
| **[4]** | पाश्चात्य देशों में, धनी लोगों की क्या चीज़ गरीब मज़दूरों की झोंपड़ी का मज़ाक उड़ाती हैं?<br>(A) सच्चाई<br>(B) ईमान<br>(C) धन<br>(D) ऊँचे-ऊँचे मकान | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **[5]** | आज देश में लोगों को किस तरह वश में किया जाता है?<br>**(A)** सच्चाई से<br>**(B)** धन से<br>**(C)** धर्म से<br>**(D)** ईमान से | **1** |
| **III** | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | **1X5 =5** |
| | देख रहा था जो सुस्थिर हो<br>नहीं बैठती थी क्षण भर,<br>हाय! वही चुपचाप पड़ी थी<br>अटल शांति सी धारण कर।<br>सुनना वही चाहता था मैं<br>उसे स्वयं ही उकसाकर<br>मुझको देवी के प्रसाद का<br>एक फूल ही दो लाकर। | |
| **[1]** | लोग किसके डर से घबराए हुए थे?<br>**(A)** सुखिया की बिमारी से<br>**(B)** सुखिया के पिता से<br>**(C)** छुआछूत की समस्या से<br>**(D)** महामारी के फैलने से | **1** |
| **[2]** | सुखिया के पिता को किस बात का डर था?<br>(A) सुखिया के बिमारी पड़ने का<br>(B) सुखिया के गिरने का<br>(C) छुआछूत की समस्या का<br>(D) मंदिर से बाहर निकाले जाने का | **1** |
| **[3]** | बच्ची ने बुखार के दर्द में अपने पिता से क्या कहा?<br>**(A)** बाहर खेलने जाने को<br>**(B)** देवी माँ के प्रसाद का एक फूल माँगा<br>**(C)** मंदिर में मन्नत मांगने को<br>**(D)** दर्द की दवा लाने को | **1** |
| **[4]** | सुखिया का पिता सुखिया को बाहर जाने से क्यों रोक रहा था?<br>**(A)** सुखिया की बिमारी के कारण<br>**(B)** महामारी के कारण<br>**(C)** छुआछूत की समस्या के कारण<br>**(D)** भक्तों के डर से | **1** |
| **[5]** | कविता किस समस्या पर केंद्रित है?<br>**(A)** सुखिया की बिमारी की समस्या<br>**(B)** सुखिया के पिता की समस्या<br>**(C)** छुआछूत की समस्या<br>**(D)** भक्तों की समस्या | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **IV** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | **1X4=4** |
| | आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार-बार मन में घुमड़ रहा है-तुम कब जाओगे, अतिथि?<br><br>तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती हैं। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ। तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती।<br><br>लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रोनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो। तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली; तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके।<br><br>अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ? | |
| **[1]** | लेखक के घर में अतिथि को कितने दिन हो गए थे**?**<br>A. दो<br>B. चार<br>C. पाँच<br>D. तीन | **1** |
| **[2]** | लेखक अतिथि से क्या चाहता है**?**<br>A. वह लेखक के ही घर में रहे<br>B. एक-दो दिन और रुकें<br>C. वह जल्दी चला जाए<br>D. इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **[3]** | लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी**?**<br>A. वह कुछ काम करेगा<br>B. वह लेखक की मदद करेगा<br>C. वह अगले ही दिन चला जाएगा<br>D. इनमें से कोई नही | **1** |
| **[4]** | लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद कौन ज़्यादा समय चाँद पर नहीं रुके थे**?**<br>A. एस्ट्रोनॉट्स<br>B. वैज्ञानिक<br>C. डॉक्टर<br>D. अतिथि | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **[5 ]** | **कौन लेखक की आर्थिक सीमा देख चुके थे ?**<br>A. पत्नी<br>B. बच्चे<br>C. पडोसी<br>D. अतिथि | **1** |
| **V** | **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60 -70 शब्दों में लिखिए \|** | **4x1= 4** |
| **[1]**<br><br>**[2 ]** | लेखिका ने "जातिवाचक " संज्ञा को "व्यक्तिवाचक" संज्ञा में किस प्रकार परिवर्तित कर दिया ?<br><br>अथवा<br><br>'स्मृति' पाठ के किस अंश से पता चलता है कि लेखक में साहस का गुण था ? | **4** |
| | लेखन | **[16]** |
| **VI**<br><br>**[1]**<br><br><br><br><br><br><br><br>**[2]** | **निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 -100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए**<br><br>आतंकवाद<br><br>संकेत बिंदु<br>● अर्थ<br>● हमारा दायित्व<br>● कारण<br>● उपाय<br><br>अथवा<br><br>वृक्षारोपण<br><br>संकेत बिंदु<br>● वृक्ष जीवनदायिनी शक्ति<br>● वृक्षों का महत्व<br>● प्रदूषण पर नियंत्रण<br>● धरती का श्रृंगार) | **4x1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| **VII** | **निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर संवाद** लेखन कीजिए | **1x4=4** |
| **[1]** | सब्ज़ी वाले तथा एक महिला के मध्य हुए संवाद को अपने शब्दों में लिखिए। | |
| | अथवा | |
| **[2]** | कोविद को लेकर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत पर संवाद लिखिए। | |
| **VIII** | **निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर पत्र** लेखन कीजिए | **1x4=4** |
| **[1]** | विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को मनाली भ्रमण के लिए ले जाया जा रहा है। भ्रमण पर जाने की अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए। | |
| | अथवा | |
| **[2]** | मनपसंद पुस्तकें खरीदने के लिए पिताजी को एक पत्र लिखकर पैसे भेजने का अनुरोध कीजिए। | |
| **IX** | **निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर संदेश** लेखन कीजिए | **1x4=4** |
| **[1]** | गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संदेश लिखिए। | |
| | अथवा | |
| **[2]** | मातृ दिवस पर अपनी माता जी के लिए आभार दर्शाते हुए संदेश लिखिए। | |